उत्तरप्रदेश के अव्वल दर्जे के 3 नकबजन पुलिस के हत्थे चढ़े

मुहाना पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर एक लाख रुपए की नकदी, 2 मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त नकाब जब्त किया

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उत्तरप्रदेश (यूपी) के अव्वल दर्जे के तीन नकबजनों को पकडा है और उनके पास से एक लाख रुपये की नकदी, दो मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त नकब जब्त किया गया है।

पुलिस जानकारी में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक यूपी गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर है तो दो अन्य खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित मारपीट के कई मामले दर्ज है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यूपी के अव्वल दर्जे के नकबजन कुमार पाल उर्फ केपी उर्फ कुंवर ,अमित जाट और नरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपी हाथरस (उत्तर प्रदेश)के रहने वाले है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित केपी थाना हाथरस का हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर एक्ट में जेल जा चुका है और वर्तमान में जमानत पर बाहर था।

मुहाना थाना पुलिस ने उत्तरप्रदेश के तीन बदमाशों को पकड़ा।

- अब पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी है

इसके अलावा नरेन्द्र उर्फ हेकडा हत्या के मामले में सजा काट चुका है और आर्म्स एक्ट और मारपीट के कई मामलों में जेल जा चुका है और वहीं अमित के खिलाफ दो मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक लाख रुपये की नकदी,दो मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त नकब जब्त किया है। पुलिस आरोपियों के अन्य साथियों के बारे में पूछताछ करने जुटी है।

अमेरिका भी लोहा मनाने लगा ब्राह्मणों का : तिवाड़ी

- वंदन पर्व पर हुआ 460 विप्र हस्तियों का अभिनंदन

जयपुर । राज्यसभा के उपसभापति एवं सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि ब्राह्मणों का अब अमेरिका भी लोहा मानने लग गया है। यह एक शुभ संकेत है कि ब्राह्मण व्यापार में अग्रणी होने लगे है। तिवाड़ी शुक्रवार की शाम विप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित वंदन पर्व को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विप्र उद्योगपतियों की और से परशुराम ज्ञान पीठ के लिए मुक्त हस्त से दिए दान की भी सराहना की। वंदन पर्व के इस गरिमामय सामरोह में चितौड़ सांसद सीपी जोशी, विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, लॉजिस्टिक किंग बनवारी लाल सोती,उद्योगपति एवं राजस्थान फाउंडेशन असम चैप्टर के अध्यक्ष रतन शर्मा, पूर्व महापौर विष्णु लाटा, मुख्यमंत्री के ओएसडी दिनेश शर्मा, महाराष्ट्र परशुराम आर्थिक बोर्ड के अध्यक्ष सतीश दामले, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा सहित बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

इस वंदन पर्व में जुटे विप्र उद्यिमयों ने संकल्प लिया कि राजस्थान की माटी के प्रति अपने प्यार और जुड़ाव से वे कभी विमुख नहीं होंगे। मातृभूमि विकास के प्रति भी सदैव तत्पर रहेंगे। विप्र उद्योगपतियों और व्यवसायियों ने राजस्थान में निवेश के प्रति भी अपनी रुचि दिखाई। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा ने बताया कि इस गरिमामय आयोजन में शिक्षा, संस्कार और स्वावलंबन की दिशा में समाज को आगे बढ़ाने पर विचार मंथन हुआ। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गुरुजी ने जानकारी दी कि समारोह में 460 से अधिक उन सहयोगियों का सम्मान भी किया गया जिन्होंने श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ भवन निर्माण में अपना अपूर्व योगदान दिया। विप्र उद्योपतियों के सम्मान में रात्रि भोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर महावीर प्रसाद शर्मा, सत्यनारायण श्रीमाली, सीए सुनील शर्मा, श्रीकिशन जोशी सहित कई गणमान्य जन उपस्थित थे। विक्की के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। विक्की के महासचिव गौरव लाटा ने ज्ञान पीठ में संचालित होने वाले स्किल सेंटर पर पावर प्रजेंटेशन दिया। जबकि विक्की के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेश शर्मा ने संगठन की गतिविधियों से परिचित करवाया।

सार-समाचार

आरजीएचएस योजना के बारे में चर्चा

जयपुर । आर.जी.एच.एस. में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा बन्द कर दिये जाने के सम्बन्ध में राजस्थान एलाइंस आफ हॉस्पिटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ शनिवार को ''राजस्थान कन्वेंशन सेंटर' में राजस्थान पेंशन समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सिंह चंदेल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सिंह, प्रवेश कार्यालय सचिव प्रहलाद शर्मा, एस.एस. खंगारोत एवं मनोहर सिंह ने भाग लिया। एसोसिएशन की तरफ से 'कन्वीनर' मेजर जनरल डॉ. के.सी.पारीक, डॉ. सचिन झँवर, डॉ वरुण, चेतन खाण्डल, साहिल कुमार, एवं रीना सिंह से विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्य समस्या आर.जी.एच.एस. में समय पर भुगतान नहीं होने की बतायी गई। वर्तमान में लगभग 900 करोड रुपए की बकाया है जिसका भुगतान शीघ्र कराए जाने की उन्होंने बात कही। चर्चा के दौरान हॉस्पिटल, आरजीएचएस लाभार्थी/ पेंशनर्स तथा सरकार के मध्य समन्वय स्थापित कर इस योजना को सुचारू रूप से चलाए जाने के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के साथ-साथ बुजुर्ग पेंशनर्स को हो रही परेशानियों के निराकरण के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया।

मदन राठौड़ का अभिनंदन किया

जयपुर । भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात दक्षिण के नवगठित जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर ने शुक्रवार को अपनी जिला कार्यकारिणी के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का अभिनंदन किया। इस मौके पर गुर्जर ने राठौड़ को साफा पहनाकर, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। राजेश गुर्जर ने अपनी पूरी कार्यकारिणी का परिचय प्रदेशाध्यक्ष से करवाया और सभी पदाधिकारियों का भी दुपट्टा पहनाकर सम्मान करवाया। उन्होंने अपनी टीम को ''इनवेटिव, पॉजिटिव, सब्जेक्टिव, कोलब्रेटिव व विजनरी'' बताते हुए भरोसा जताया कि यह टीम जयपुर देहात दक्षिण को संगठन और सेवा के क्षेत्र में प्रदेश में नंबर 1 बनाएगी।

पिछवाई शैली में सजे गोविंददेवजी

जयपुर । शहर के आराध्य गोविंद देव जी के आकर्षक श्रृंगार के दर्शन मनमोहक पिछवाई आर्ट फ़ॉर्म पर देखने को मिले। कुछ ऐसा ही मनभावन नजारा था शुक्रवार से शुरू हुए 'दर्शनम आर्ट फ़ेस्टिवल' का, दर्शनम आर्ट गैलरी और रघुकुल ट्रस्ट की ओर से कूकस स्थित होटल फ़ेयरमोंट जयपुर में तीन दिवसीय आर्ट एग्जीबिशन का भव्य शुभारम्भ किया गया। इस दौरान शो के उद्घाटन मौक़े पर मुख्य अतिथि के तौर में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव आईएएस राजेश यादव ने शिरकत की। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में दर्शनम आर्ट गैलरी से अभिनव बंसल व विजेंद्र बंसल, रघुकुल ट्रस्ट से साधना गर्ग, प्रसिद्ध होटलियर और फ़ेयरमोंट से जुही शर्मा और जीएम रजत सेठी उपस्थित रहे। शुक्रवार को आयोजित हुए प्रीव्यू कार्यक्रम में सभी गणमान्यों ने लाइव पिछवाई वर्कशॉप का भी आनंद लिया। जहां पिछवाई आर्ट फ़ॉर्म के जाने-माने आर्टिस्ट्स महेंद्र शर्मा, रामकृष्ण वर्मा, रतन बूंकर, भंवर जी आदि ने सभी अतिथियों को पिछवाई आर्ट की बारीकियों से अवगत करवाने के साथ ही ब्रश स्ट्रोकस और कलर बैलेन्स सिखाया।

शातिर नकबजन को पुलिस ने दबोचा

जयपुर । गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर नकबजन को धर-दबोचा है और उसके पास से नकबजनी के दौरान चुराई गई दो एलईडी भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार चुराई गई एलईडी की बाजार कीमत दो लाख रुपये आंकी है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करन शर्मा ने बताया कि गलता गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर नकबजन शुभम गंगवाल निवासी गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराई गई दो लाख रुपये कीमत की दो एलईडी भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशा करने का आदि है जो नशे की लत को पूरा करने के लिए सूने मकान और स्कूल सहित अन्य जगहों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते है। आरोपित ने अपने दो साथी मोटी सिंह और गोपी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस अन्य दो साथियों की तलाश कर ही है और वहीं पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

मोती डूंगरी गणेशजी को निमंत्रण

जयपुर । श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव-2025 इस बार 22 सितम्बर को धूमधाम से मनाएगा। इस आयोजन की सफलता के लिए शुक्रवार को समिति अध्यक्ष के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश अग्रवाल भाड़े वाले के नेतृत्व में मोती डूंगरी गणेषजी को निमंत्रण देकर पूजा-अर्चना कर आयोजन के लिए सफलता की कामना की। इस अवसर पर प्रख्यात कथावाचक प्रिया शरण महाराज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा जयंती समारोह के मुख्य संयोजक सुभाष मेड वाले, कैलाश सिपुरिया, श्याम बैंक वाले, राम अवतार गोयल, महिला संयोजिका गौरी मोदी (अग्रवाल),मीता अग्रवाल,अनीता गोयल,मृदुला बंसल, ज्योति अग्रवाल,रानू अग्रवाल, पुष्पेंद्र गुप्ता,राजेंद्र प्रसाद सिंघल, राम अवतार अग्रवाल, गोनेर रोड,राम नारायण गर्ग जामडोली, दीपक कुमार अग्रवाल थावरिया, राधेश्याम अग्रवाल,सूर्यप्रकाश एडवोकेट,शैलेश अगवाल,सुशील भूत एवं अन्य अग्र बंधु साथ रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष भाड़ेवाला ने बताया कि इस बार जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर जोरों पर चल रही है।

संगीतमय भागवत कथा का आयोजन

जयपुर । योग साधना आश्रम एवं प्राकृतिक चिकित्सालय में सात दिवसीय संगीतमय श्री मद् भागवत कथा चतुर्थ पंचम दिवस पर सीया राम दास महाराज श्री कनक बिहारी मंदिर, गलता गेट कृपा पात्र शिष्य भागवताचार्य पंडित दिपक शास्त्री द्वारा कथा की जा रही है। कथा श्रव्यन करने यजमान डॉ. अरविंद ओझा एडवोकेट, चित्रित गुप्ता, राजेन्द्र व्यास परिवार, भक्त और श्रद्धालु कथा भवन में प्रति दिन उपस्थित होने पर जलझूलनी एकादशी पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव/नन्द उत्सव मनाया। श्रद्धालुओं ने खिलौने, चॉकलेट, फल, सेव, मावे बर्फी प्रसाद में वितरित की गई।

अनंत चतुर्दशी पर आज होगा गणपति विसर्जन

जयपुर । अनंत चतुर्दशी पर शनिवार को राजधानी जयपुर में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। शहरभर के पंडालों और घरों से झूमते-नाचते भक्त गणपति बप्पा को विदाई देने तालाबों तक पहुंचेंगे। गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आ के गगनभेदी जयकारों से पूरा शहर गूंजेगा।

जलमहल झील, मावठा, सागर, चंदलाई बांध सहित कृत्रिम तालाबों में भी गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन यात्राएं ढोल-नगाड़ों, गुलाल और आतिशबाजी के बीच आगे बढ़ेंगी। मराठी पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते हुए माहौल को और भक्तिमय बना देंगे। गणपति को मोदक और छप्पन भोग अर्पित कर भावुक विदाई दी जाएगी। शुक्रवार को पंडालों में पूजन-अर्चन के साथ विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। बनीपार्क के माधव सिंह सर्किल स्थित माधव विलास में विराजमान गणपति बप्पा की श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पुष्पांजलि अर्पित की। ओमप्रकाश मालवानी ने बताया कि सोसायटी के सभी लोगों ने शाम को सामूहिक आरती की। आरती से पूर्व गणपति की नजर उतार कर गणेश वंदना की गई। भक्तों ने 'गजानन जी मेरे घर में पधारो...' जैसे भजनों से गणेश जी को रिझाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से नृत्य किया। उषा मालपानी, रितु, बसंत, चेतन, शरद एवं अन्य ने पुष्पाजंलि की। यहां आयोजन में महाराष्ट्र की मराठा संस्कृति साकार हो रही है। मराठा टोपी से लोगों का स्वागत किया जा रहा है। शनिवार को कृत्रिम तालाब में गणपति बप्पा का जयकारों के साथ विर्सजन किया जाएगा। इससे पूर्व सुबह गायत्री हवन होगा। ओमप्रकाश मालपानी ने बताया कि गणपति का माधव विलास का राजा के रूप में पूजन किया जा रहा है। पूरी सोसायटी के लोग आरती में पधार रहे हैं। इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा और दरबार का सामान मुंबई से ही मंगवाया गया है।

108 कुंडीय महायज्ञ संपन्न

जयपुर। दुर्गापुरा स्थित राजस्थान गौ सेवा संघ के तत्वावधान में श्री कृष्ण तुलसी-गौ पूजन एवं 108 कुंडीय सर्वार्थ सिद्धि महायज्ञ शुक्रवार सुबह महंत दीपक वल्लभ गोस्वामी के सानिध्य में संपन्न हुआ। यज्ञ का संचालकन गौभक्त श्री गोपाल शरण महाराज ने वैद-मंत्रों उच्चारण से किया। इस पावन अवसर पर महायज्ञ में आहुति देने वाले सभी 108 यजमानों को इंडोनेशिया से मंगाए गए साधक -पूरित एवं अभिमंत्रित पंचमुखी रुद्राक्ष भेंट स्वरुप दिए गए। इसी दौरान गो-सेवा के लिए अपना विशेष योगदान देने वाले राजस्थान की प्रमुख हस्तियों का भी सम्मान किया गया।

महंत दीपक वल्लभ गोस्वामी ने महायज्ञ को लेकर बताया कि सृष्टि के प्रारंभ में प्रजापति ने यज्ञ सहित मनुष्यों और देवताओं को उत्पन्न कर कहा - इस यज्ञ से तुम अपनी वृद्धि करो, क्योंकि यही तुम्हारी सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाला है।यज्ञ केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन-संरचना का मूल है। इसके लाभ व्यापक हैं।

क्रिप्टो करेंसी फ्रॉड गैंग के पांच जालसाज गिरफ्तार

- अलवर पुलिस ने आरोपियों से सात मोबाइल फोन और नकदी बरामद की
- लाखों रुपए के मुनाफे का लालच देकर लोगों को जाल में फंसाते थे आरोपी

जयपुर (कासं)। साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर संग्राम के तहत अलवर पुलिस ने एक बड़े क्रिप्टो करेंसी धोखाधड़ी रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को भारी मुनाफे का लालच देकर उन्हें क्रिप्टो में निवेश करने के नाम पर ठगते थे।

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई सहायक पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ के निर्देशन और सीओ अंगद शर्मा के सुपरविजन में की गई। एनईबी थाना पुलिस और डीएसटी को साइबर धोखाधड़ी के बारे में सूचना मिली थी। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी इंडो क्रिप्टो, डीओडी क्रिप्टो, और वीएनएस सिक्का जैसी फर्जी वर्चुअल करेंसी में निवेश के नाम पर लोगों से लाखों रुपये ऐंठ रहे थे।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राहुल जांगिड पुत्र सतीश कुमार (29) निवासी किशनगढबास, मनीष जाजोरिया पुत्र रमेश चन्द (42), महेन्द्र पुत्र बलराम माली (38) निवासी एनईबी जिला अलवर, प्रकाश चन्द पुत्र अमर सिंह (55) निवासी मेहताब सिंह का नोहरा, थाना कोतवाली जिला अलवर और राहुल जाटव पुत्र जगन प्रसाद (30) निवासी तूलेडा थाना सदर अलवर के रूप में हुई है।

आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे लोगों को भारी मुनाफा और कमीशन का वादा करके अपने झांसे में लेते थे। जब कोई व्यक्ति बड़ी रकम लगा देता था, तो वे तुरंत अपनी वर्चुअल करेंसी आईडी को बंद कर देते थे और एक नई आईडी बनाकर फिर से प्रचार शुरू कर देते थे। इस तरह वे लगातार लोगों को बेवकूफ बनाते रहे।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, एक चेकबुक और 13,010 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में थाना एनईबी से एसएचओ दिनेश चंद, एसआई कबूल सिंह, डीएसटी से एएसआई हरविलास, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल करतार और साइक्लोन सेल से हेड कांस्टेबल संदीप कुमार व कांस्टेबल अमित कुमार शामिल थे।

'राजस्थान विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा का केन्द्र-स्थापित होगा'

जयपुर । श्री गुरु गोविंद सिंह चेयर फॉर नेशनल इंटीग्रेशन एंड सिख स्टडीज एवं सार्थक संवाद संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा में राष्ट्रीय एकता के सूत्र विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन चेयरपर्सन डॉ. मीना रानी ने किया।इस अवसर पर विषय प्रवर्तन वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश कुमार बंसल ने किया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, एनआईटी भोपाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का अपना एक स्वर्णिम इतिहास है, जिसे भुला दिया गया है, जबकि यह राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण आधार है।

विशिष्ट अतिथि सरदार जसबीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग, ने कहा कि आस्था की पद्धितयां भिन्न होने के बावजूद भारतीय ज्ञान परंपरा में राष्ट्रीय एकता के स्पष्ट चिन्ह दिखाई देते है। विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.एस. अग्रवाल, चेयरमैन राजस्थान अस्पताल, जयपुर ने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल मंत्र है, जो संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अल्पना कटेजा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने विषय की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए निकट भविष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र स्थापित करने की घोषणा की।

राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह ने ''भारतीय ज्ञान परंपरा में राष्ट्रीय एकता के सूत्र'' विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित किया।

मकान में घुसकर चुराया सिलेंडर

जयपुर। झोटवाड़ा इलाके में मकान के पॉर्च में रखा गैस सिलेंडर बाइक सवार बदमाश चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित मकान मालिक को वारदात की जानकारी सीसीटीवी फुटेज देखने पर चली। जिसके बाद पीड़ित ने फुटेज के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में स्थित राण प्रताप नगर निवासी राकेश गुप्ता का आरोप है कि गुरुवार दोपहर में वो गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर लेकर आया और उसे मकान के पॉर्च में रखकर वो पहली मंजिल पर चला गया। कुछ देर बाद बाइक सवार बदमाश ने कुछ देर तक मकान की रैकी की ओर अंदर आकर सिलेंडर चोरी कर फरार हो गया। थोड़ी देर बाद पीड़ित ने सिलेंडर संभाला तो गायब मिला। पीडित ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें अज्ञात बाइक सवार बदमाश सिलेंडर चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी मुंह पर रुमाल बांधकर अंदर आता हुआ दिखाई दे रहा है।

भाजपा राजस्थान ने 'मन की बात' कार्यक्रम में रचा इतिहास

जयपुर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' के 125वें संस्करण को भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान ने ऐतिहासिक रूप से राज्य के 31 हजार 125 बूथों पर एक साथ सुनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस आयोजन ने न केवल संगठन की शक्ति को दर्शाया, बल्कि राजस्थान को 'मन की बात' कार्यक्रम में अग्रणी राज्य के रूप में भी स्थापित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार और प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा के नेतृत्व में यह आयोजन बूथ स्तर तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम की सफलता में प्रदेश टोली, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक समर्पण और समन्वय के साथ भूमिका निभाई। मोतीलाल मीणा ने बताया कि प्रदेश के सभी 44 जिलों में 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिनमें पाली जिला सबसे आगे रहा। पाली के सभी 1699 बूथों पर यह कार्यक्रम श्रवण कराया गया, जो शत-प्रतिशत भागीदारी का प्रतीक है।

इसके अलावा जालौर, बांसवाड़ा और अजमेर देहात जिलों में भी 95 प्रतिशत से अधिक बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। 44 में से 28 जिलों में 50 प्रतिशत से अधिक बूथों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सरल ऐप के माध्यम से कार्यक्रम की रिपोर्टिंग और रिकॉर्डिंग की गई, जिससे आंकड़ों का पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित हुआ और लगातार नए रिकॉर्ड बनते जा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस उपलब्धि पर प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, कार्यक्रम समन्वयक विनय शर्मा, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी एवं बूथ स्तर तक के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा, राजस्थान संगठन की नींव को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

गौ सेविकाओं का उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया सम्मान

गौ-महाकुंभ में दिया कुमारी ने कहा ''गौ सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं''

जयपुर । विद्याधर नगर स्टेडियम में शुक्रवार को आयोजित गौ महाकुंभ कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में गौ सेवा को भारतीय संस्कृति और आस्था का मूल स्तंभ बताया।

उन्होंने कहा, गौ सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता। यह न केवल हमारी परंपरा का हिस्सा है, बल्कि समाज के उत्थान का मार्ग भी है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि जीवनशैली में गौ सेवा को शामिल करेंगे और गोशालाओं में सेवाभाव को आगे बढ़ाएंगे। दिया कुमारी ने गौ-उत्पादों के उपयोग और प्रसार पर भी जोर देते हुए कहा कि समय की मांग है कि गौ आधारित उत्पादों की जानकारी आमजन तक पहुंचे। उन्होंने सुझाव दिया कि गौशालाओं में नवाचार और तकनीक का समावेश कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया के माध्यम से गौ सेवा के संदेश का प्रचार-प्रसार करें।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने गौ सेवा में विशेष योगदान देने वाली महिला कार्यकर्ताओं - शिवानी, दक्षा, मंजू, शारदा, मोनिका और नेहा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुमेधानंद, अनेक संत-महंत, समाजसेवी, गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौ महाकुंभ में गौ संरक्षण, सेवा और संवर्धन के विभिन्न पहलुओं पर भी विचार-विमर्श हुआ।

परिचित ने विवाहिता से किया दुष्कर्म

जयपुर । भांकरोटा थाना इलाके में एक परिचित ने विवाहिता से दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील वीडियों क्लिपिंग बना कर उसे ब्लैकमेल किया। आए दिन की धमकियों से परेशान होकर पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बयानों के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

थानाधिकारी मनीष गुप्ता ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली विवाहिता का आरोप है कि आरोपी युवक पुराना परिचित था। जिसके कारण आए दिन उससे मोबाइल फोन पर बातचीत होती रहती थी। जुलाई -2025 में आरोपी ने उसे अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियों बना लिया। आरोपी वीडियों वायरल करने की धमकी देकर आए दिन अलग -अलग जगहों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। रोज-रोज की धमकी से परेशान होकर पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

150 वर्ष पुराने रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण के लिए निकले ठाकुरजी

भादवा तेरस पर धूमधाम से निकाली भरत मिलाप परिक्रमा

जयपुर । ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी चांदपोल बाजार जयपुर में भादवा तेरस शुक्रवार को श्री सियाराम जी की वार्षिक नगर परिक्रमा धूमधाम से निकाली गई। वार्षिक नगर परिक्रमा में सांगानेरी गेट हनुमान जी मंदिर में भरत मिलाप हुआ। अलौकिक साज-सज्जा के बाद रथ भरत और शत्रुध्न को लेकर सांगानेरी गेट स्थित हनुमान जी मंदिर के लिए रवाना हुआ और शाम 7 बजे भगवान श्रीराम का भरत मिलाप का अद्भुत मिलाप हुआ ।

जिसके बाद भरज जी ने उनकी आरती उतारी और विनती कर उन्हे राजसी वेश धारण करवाए। भगवान श्री राम के राजशी वेश धारण करने के बाद शाही लवाजमें के साथ भक्तजन उन्हे अपने साथ मंदिर लेकर पहुंचे।शाही लवाजमें में शामिल शाही रथ में चांदी की कुर्सियां, सिंहासन, कटघरे, खंभे लगे हुए थे। रथ यात्रा सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर से बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया, छोटी चौपड़ होते हुए रात्रि 10 बजे मंदिर परिसर पहुंची।

मंदिर महंत नरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि इस रथ का निर्माण जयपुर राज घराने के करीब 150 साल पहले कराया था। रथ की खास विशेषता है कि जैसे -जैसे ये पुराना होता जाएगा। वैसे-वैसे ही शीशम की लकड़ी से बना ये रथ और भी मजबूत होता जाएगा। इस रथ का पानी में भी कुछ नहीं बिगड़ता। पुरानी मान्यताओं के अनुसार इस रथ को साहू परिवार के सफेद बैल की जोड़ी ही खींचती है। यह परम्परा मंदिर स्थापना से ही चली आ रहीं है।

उस रथ पर श्री राम दरबार के सजीव स्वरूप बना कर ब्राह्मण बालकों को बैठाया गया। जिस रथ में श्री राम विराजते है वो रथ शुद्ध शीशम की लकड़ी से बना हुआ है और लकड़ी का जुड़ा, लोहे की कमानिया,जालियां इत्यादि बड़ी सुंदरता से बने हुए है। इस रथ को बैलों की जोड़ी खींचते है जो वर्षों से रामावतार साहू के घर से आते है। रथ को रखने के लिए मंदिर बड़ा रथ खाना बना हुआ है।